an>

Title: Need to check quality standards of National Highway No. 11B from Karauli to Dholpur in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदया, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला धौलपुर-करौली में बन रहे नैशनल हाईवे-11 बी की ओर आपका ध्यान आकर्Âिात करना चाहता हूँ। महोदया, इस हाईवे पर पिछले एक वÂान से कार्य चल रहा है, जो कि धौलपुर-करौली-गंगापुर को जोड़ता है। महोदया, यह रोड़ धौलपुर शहर के कलैक्ट्रेट मुख्यालय, पुलिस मुख्यालय, न्यायालय, जिलापरिÂाद् कार्यालय, मंदिर आदि महत्वपूर्ण स्थानों के सामने से निकलता है। पिछले एक वÂान से NHAI के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की लापरवाही से उक्त शहर में सड़कें खुदी पड़ी हैं और पूरे दिन धूल के गुबार उड़ते हैं तथा इनकी वजह से दुर्घटनाएं घट रही हैं।

इस संदर्भ में मैंने पूर्व में मंत्री महोदय को लिखित में जानकारी दी थी कि उक्त रोड निर्माण में गुणवत्ता के पैमानों की घोर उपेक्षा कर सरकारी धन लूटा जा रहा है।

अतः आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री से पुनः आग्रह है कि उक्त रोड की गुणवत्ता की पुनः जाँच कराकर नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया के दोÂाळ अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।